प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज ***दिनांक 17-11-2023*** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-अवैध तमंचा कारतूस के साथ 01 गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.11.2023 की सांय को उ0नि0 अमित कुमार थाना कटघर द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त अंकित चौहान पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी पीतल नगरी बल्देवपुरी सैनी हैल्थ क्लब के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना कटघर पर मु0अ0सं0-0568/2023 धारा - 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2-अवैध तमंचा, कारतूस के साथ 02 गिरफ्तार थाना मझोलाः-

अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मझोला पुलिस द्वारा दिनांक 16.11.2023 की रात्रि में अभियुक्तगण 1- सतेन्द्र पुत्र शंकर नि0 बैंक की पुलिया के पास थाना मझोला मुरादाबाद 2- शिवम पुत्र जगपाल निवाली ग्राम उत्तमपुर बहलोलपुर की मिलक थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को 01-01 अवैध तमंचा व 01-01 कारतू से साथ गिरफ्तार किया गया । इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मझोला पर मु0अ0सं0 क्रमशः 836,837/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

3-नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना मझोलाः-

अवगत कराना है कि दिनांक 16.11.2023 को वादिनी निवासी थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0-832/2023 धारा 376/452/506 भादवि0 व 3/4 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 17.11.2023 को व0उ0नि0 श्री उमाशंकर सिंह थाना मझोला द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त मनीष पुत्र गजेन्द्र सिंह निवासी मौ0 पैपटपुरा थाना मझोला जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

4-रंगदारी वसूलने का आरोपी गिरफ्तार थाना मझोला-

अवगत कराना है कि दिनांक 15.11.2023 को वादी डॉ० बृज पाल सिंह पुत्र स्व0 श्री जयपाल सिंह निवासी कुन्ज बिहार, प्रकाश नगर चौराहा, लाइनपार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी के साथ मारपीट करने, रंगदारी वसूलने आदि के सम्बन्ध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0-830/23 धारा-323,504,452,506,386 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 17.11.2023 को उ0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार थाना मझोला द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त-गजेन्द्र चौधरी पुत्र समरपाल सिंह निवासी ग्राम ईलर थाना डिलारी जिला मुरादाबाद हाल पता अवन्तिका कालोनी थाना सिविल लाइन्स जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

5-जनपद मुरादाबाद पुलिस द्वारा 24 वारंटी गिरफ्तार-

अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 17.11.2023 को जनपद मुरादाबाद पुलिस द्वारा 24 NBW (वारंटी) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।